# कृषि स्नातक की सेमेस्ट
# परीक्षाएं आज से होंगी

संवाद न्यूज एजेंसी

## छह महाविद्यालयों के करीब छह हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे

बकेवर। कृषि स्नातक व परास्नातक की सेमेस्टर की परीक्षाएं सोमवार से शुरू होगी। विश्वविद्याल ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस ब विश्वविद्यालय प्रशासन ने निजी कॉलेजों को भी परीक्षा कें बनाया है। करीब छह हजार से अधिक जिले में कृषि स्नातक के छात्र-छात्राए परीक्षा देंगे।

नई शिक्षा प्रणाली 2020 लागू होने के बाद स्नातक स्त पर कला साइंस वाणिज्य संकायों में भी सेमेस्टर प्रणाल लागू हो गई है। इसके चलते वर्ष में दो बार सेमेस्टर परीक्षाए होती हैं, जबकि कृषि में सेमेस्टर प्रणाली पिछले कई साल से पहले से ही लागू थी। विज्ञान, कला, वाणिज्य की सेमेस्टर परीक्षाएं पिछले तकरीबन दिसंबर के दूसरे सप्ताह से चल रही हैं। अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने कृषि स्नातक परास्नातक तक की प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। सोमवार से परीक्षाएं आरंभ होंगी।

जिले में शाहूजी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध कृषि स्नातक परास्नातक के छह महाविद्यालय हैं। इनमें एडेड कॉलेज मात्र जनता कॉलेज बकेवर है। सेल्फ फाइनेंस चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैंवरा, एसएस मेमोरियल पीजी कॉलेज ताखा, बलराम सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन इटावा, शिवपाल सिंह महाविद्यालय कैस्त जसवंतनगर, चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय जसवंतनगर है। जनपद के सभी छह कृषि महाविद्यालयों में तीनों सेमेस्टर में करीब छह हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

विश्वविद्यालय के कृषि के डीन व जनता कॉलेज बकेवर के उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एके पांडेय ने बताया कि कृषि स्नातक प्रथम तृतीय व पांचवें व परास्नातक स्तर की प्रथम व तृतीय सेमेस्टरों की परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। इस बार निजी कॉलेजों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रश्नपत्र हल करने का समय दो घंटे का रखा है।

# शुरू हुईं कृषि संकाय की स्नातक और परास्नातक परीक्षाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में कृषि संकाय के स्नातक व परस्नातक के छात्र-छात्राओं की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गई। विज्ञान व वाणिज्य संकाय की परीक्षाएं पहले से ही चल रही हैं।

शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय की कृषि स्नातक व परास्नातक की प्रथम , तृतीय, व पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएँ सोमवार से शुरू हो गई हैं। जनता कालजे व जिले के अन्य पांच महाविद्यालयों के कृषि के छात्र-छात्राओं की सेमेस्टर परीक्षा शुरू हो गई है।

जनता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज में कृषि स्नातक की प्रथम तीसरे, व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएँ तीन पारियों में हो रही हैं। परीक्षा के प्रभारी डॉ. पीके राजपूत की देखरेख में परीक्षा चल रही है। उन्होंने बताया कि विज्ञान व वाणिज्य संकाय की नई शिक्षा नीति के तहत सेमेस्टर की परीक्षाएं पिछले महीने से ही चल रही हैं।

# राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत किए गए 137 शोधपत्र

## जनता कॉलेज सभागार में आयोजित किया गया दो दिवसीय नेशनल सेमिनार

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज सभागार में प्रैक्टिसिज आफ रिसेंट एडवांस इन ग्लोबल एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन (प्रगति-2023) विषय शीर्षक पर आधारित दो दिवसीय नेशनल सेमिनार हुआ।

कृषि वैज्ञानिकों, अतिथि वक्ताओं एवं शोध छात्रों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। अध्यक्षता पं. दीनदयाल महिला महाविद्यालय लखनऊ से आई डॉ. साधना सिंह यादव ने की। सह-अध्यक्षता डॉ.पीके राजपूत एवं रिपोरटियर के रूप में डॉ. संजीव कुमार रहे।

मुख्य अतिथि निदेशक डीओपी, डीआरडीओ के डॉ. संजय कुमार द्विवेदी ने अपने शोध पत्र में कृषक भूमि की कमी की स्थिति में इमारतों तथा बंद स्थानों पर मृदा रहित फसलों के उत्पादन पर प्रकाश डाला।

चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के डॉ. वीके त्रिपाठी ने कृषि में वातावरण को प्रभावित किए बिना फल उत्पादन की उत्कृष्ट तकनीक पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि निदेशक कृषि प्रसार बांदा कृषि विश्वविद्यालय पूर्व छात्र प्रो. नंदकिशोर बाजपेई की उपस्थिति में प्रबंधकारिणी सचिव अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्रो. सत्यव्रत द्विवेदी, प्रो.राम जी गुप्ता, प्रो. विवेक त्रिपाठी, डॉ. श्रीधर मिश्रा सहित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी समापन पर प्रगति व्याख्या प्राचार्य ने प्रस्तुत की। बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में कुल 137 शोध पत्रों के साथ कुल 270 नामांकन हुए।

चार तकनीकी सत्रों में कुल 15 शोध प्रस्तुतीकरण के साथ 17 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। संचालन संयोजक डॉ. अशोक कुमार पांडेय ने किया। सचिव डॉ. मनोज यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. एमपी सिंह, संगोष्ठी सचिव डॉ. मनोज कुमार यादव, सहसचिव डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा रहे।



सेमिनार में शामिल शिक्षक। स्रोत : स्वयं

# व्यायाम से शरीर बनाया जा सकत
# है स्वस्थ : आचार्य डॉ. संजय योग

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में गुरुवार को
स्किल योजना के तहत 'स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवन
योग का महत्व' शीर्षक पर कार्यशाला हुई। इसमें छात्र
छात्राओं को योग का महत्व बताया गया। मुख्य अति
व मुख्य वक्ता हरिद्वार पतंजलि से पधारे आचार्य डॉ
संजय योगी ने योग के महत्व को विस्तार से बताया। कह
कि योग का मतलब है जोड़ना। व्यायाम एवं प्राणायाम
करके शरीर को स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने
व्यायाम के विभिन्न आयामों के बारे में चर्चा की तथा
प्राणायाम के सूत्रों को समझाया। प्राचार्य डॉ. राजेश
किशोर त्रिपाठी, संयोजक अरविंद चौधरी, संचालन
कुलदीप अवस्थी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

अमर उजाला
युवा Youth

# एलएलबी की परीक्षा में 94 नदारद

## पहली पाली में कॉन्ट्रैक्ट ऑफ लॉ आफ लॉ, दूसरी पाली में एनवायरन मेंटल लॉ की परीक्षा हुई

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में सोमवार को एलएलबी की परीक्षा में 94 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि दो पालियों में 778 ने परीक्षा दी।

कानपुर विश्वविद्यालय ने जिले के चार एलएलबी कॉलेज के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों की सेमेस्टर परीक्षा का केंद्र बकेवर जनता कॉलेज़ को बनाया है। एलएलबी की परीक्षाएं 15 फरवरी से चल रहीं हैं।

सोमवार को एलएलबी का दो पालियों में पेपर था। सुबह की पाली में कॉन्टैक्ट ऑफ लॉ का पेपर था।



एलएलबी की परीक्षा देकर निकलते छात्र। संवाद

द्वितीय पाली में एनवायरन मेंटल लॉ का पेपर था। परीक्षा प्रभारी गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नलिनी शुक्ला ने बताया परीक्षा में सोमवार को प्रथम पाली में 364 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से 479 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। 85 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

दोपहर दूसरी पाली में 308 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से नौ अनुपस्थित रहे। 299 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. एके पांडे, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. प्रकाश दुबे मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने ...

# मास्टर ट्रेनर के रूप में चयनित डॉ. प्रकाश दुबे

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर के भौतिक विभाग के प्रभारी डॉ. प्रकाश दुबे को भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में चयनित किया गया है। डॉ दुबे कानपुर विश्वविद्यालय से एक मात्र प्राध्यापक चुने गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा और चरित्र निर्माण विषय को उच्च शैक्षणिक संस्थानों में एक मूल विषय को रूप में शामिल किया गया है। मास्टर ट्रेनरों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित लिखित परीक्षा के उत्तीर्ण होने पर किया गया है।

# एलएलबी में 785 ने दी परीक्षा, 89 रहे गैरहाजिर

## जनता कॉलेज बकेवर में बुधवार को एलएलबी परीक्षा का तीसरा दिन था

संवाद न्यूज एजेंसी



एलएलबी की परीक्षा देने जातीं छात्राएं। संवाद

**बकेवर।** जनता कॉलेज में बुधवार को एलएलबी की परीक्षा में दो पालियों में 785 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 89 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सोमवार को एलएलबी की दो पालियों में सेमेस्टर की परीक्षा हुई। गेट पर फ्लाइंग स्कॉट टीम ने चेकिंग के बाद बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया।

कानपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध जनता कॉलेज बकेवर में जनपद के चार एलएलबी कालेजों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। एलएलबी के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों की सेमेस्टर परीक्षा हो रही है।

जनता कॉलेज बकेवर में एलएलबी की परीक्षाएं पिछले 15 फरवरी से चल रहीं हैं बुधवार को एलएलबी का दो पालियों में पेपर था।

कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नलिनी शुक्ला ने बताया एलएलबी की परीक्षा में बुधवार को प्रथम पाली में 565 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से 482 परीक्षार्थियों ने आकर परीक्षा दी है।

83 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोपहर दूसरी पाली में 309 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से छह परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 303 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

सुबह की पाली में लॉ ऑफ क्राइम विषय का पेपर था, जबकि द्वितीय पाली में प्रोपर्टी लॉ विषय का पेपर था। परीक्षा से पहले कालेज गेट पर डॉ. डीएन सिंह, डॉ. एमपी यादव, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. इंदु बाला मिश्रा ने परीक्षार्थियों के जूते उतरवाकर नकल चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया। परीक्षा में डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. नवीन अवस्थी, गोपीनाथ मौर्य आदि मौजूद रहे।

# प्राध्यापक डॉ. प्रकाश दुबे बने मास्टर ट्रेनर

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर के भौतिक विभाग के प्रभारी डॉ. प्रकाश दुबे को भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में चयनित किया गया है। डॉ. दुबे कानपुर विश्वविद्यालय से एक मात्र प्राध्यापक चुने गए। मास्टर ट्रेनरों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित लिखित परीक्षा के उत्तीर्ण होने के उपरांत किया गया है। डॉ. प्रकाश दुबे ने बताया कि 14 जनवरी को यह परीक्षा ऑनलाइन हुई थी। इसमें तकरीबन एक हजार प्राध्यापकों ने सहभागिता की थी। कॉलेज के प्रबंध सचिव अरविंद मिश्र, प्राचार्य प्रो. डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. एके पाण्डेय एवं विज्ञान संकाय की डीन डॉ. नलिनी शुक्ला आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# जनता कालेज में कृषि विज्ञान प्रदर्शनी व किसान मेला आज से

**संवाद सूत्र, बकेवर:** जनता कालेज में कृषि विभाग व कालेज के संयुक्त तत्वावधान में 28 व 29 फरवरी को कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं किसान मेला का आयोजन किया जाएगा। कालेज के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय किसान मेला का मुख्य उद्देश्य कृषि की नई तकनीकी का ज्ञान किसानों तक पहुंचाना तथा कृषि की उन्नति के लिए कृषि तकनीकी का प्रदर्शन करके किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इनमें फलोत्पादन, सब्जी उत्पादन, फसल उत्पादन, फसल सुरक्षा, मृदा एवं जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य एवं परीक्षण, जैविक खेती एवं पशुपालन करके वैज्ञानिक तरीके से नवाचार की विभिन्न पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



जानकारी देते राजेश किशोर त्रिपाठी • जागरण

मेले के उद्घाटन सत्र में सीडीओ अजय कुमार गौतम, उपनिदेशक कृषि डा. आरएन सिंह, जिला कृषि अधिकारी डा. कुलदीप राणा, जिला उद्यान अधिकारी डा. श्याम सिंह, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी डा. प्रमोद कुमार की उपस्थिति रहेगी। कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं किसान मेला के संयोजक डा. एम पी सिंह ने बताया कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा 36 स्टाल लगाए जाएंगे।

# प्रदर्शनी में लगे 36 स्टॉल

प्रदर्शनी के दौरान कॉलेज प्रांगण में 36 स्टॉल लगाए गए। पादप रोग विज्ञान विभाग स्टाल में मशरूम के प्रदर्शनी एवं रोगों को कैसे पहचाना जाए, इससे संबंधित जानकारी दी गई। शस्य विज्ञान विभाग के स्टाल में विभिन्न प्रकार की गेहूं और जौ की प्रजातियां को किसानों को दिखाया गया। उद्यान विभाग के स्टाल में विभिन्न प्रकार के फलों और आलू की प्रजातियां के बारे में जानकारी दी गई। कृषि वनस्पति विभाग के स्टाल में जमाव की विधि तथा रबी फसलों के विभिन्न प्रजातियों के बारे में किसानों को प्रदर्शन कर दिखाया गया। मृदा संरक्षण विभाग स्टाल में विभिन्न पद्धतियां, कृषि अभियांत्रिकी के यंत्रों दिखाया गया। मेले में कृषि प्रसार, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान,भौतिक विज्ञान एवं नवाचार केंद्र उत्सुकता के केंद्र बने। पशुपालन विभाग में किसानों को घी एवं दूध में मिलावट की पहचान करने के तरीके बताए।

# छात्र-छात्राओं ने की सफाई, किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर में दूसरे दिन की शुरूआत योग, व्यायाम एवं प्रार्थना से की गई। प्रथम तकनीकी सत्र में स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य परीक्षण के कार्यक्रम हुए।

स्वयंसेवक रता दीक्षित एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव के दिशा निर्देशन में योग, व्यायाम तथा प्रार्थना सभा करवाई गई। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों को समाज से जुड़े हुए मुद्दों पर अनुभव साझा किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीके राजपूत ने स्वच्छता, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा उसको जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।



राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में सफाई करते छात्र-छात्राएं। स्रोत: स्वयं

डॉ. संजय विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की। स्वयंसेवकों ने कस्बा के 50 शैया अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सीएमएस डॉ. वीरेंद्र भारती के नेतृत्व में स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। द्वितीय दिवस के अंतिम सत्र में स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए स्वयंसेवक सुभाष कुमार, शिवम गौतम, शिवम यादव, आकाश यादव आदि ने नाट्य मंचन कर जागरूक किया।

सलोनी एवं प्रतिभा ने 'स्वच्छता के प्रति जीत का प्रश्न' विषय पर नाटक प्रस्तुत किया। रति दीक्षित और प्रियांशी ने स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। डॉ. एमपी सिंह, डॉ. संजीव कुमार, राजकुमार वर्मा, शैलेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

# रोजगार मेला में 450 युवाओं को मिली नौकरी

**संवाद सूत्र, बकेवर** : जनता कालेज में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के सौजन्य से रोजगार मेला का आयोजन विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल एवं करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें 1,131 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। 450 युवाओं को रोजगार मिला। एक दर्जन कंपनियों ने प्रतिभाग किया।

समाजसेवी नीलम राय वर्मा ने छात्रों से कहा कि शिक्षा के द्वारा जो ज्ञान मिला है, यह ज्ञान ही उनका भविष्य तय करेगा। कर्मक्षेत्र महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. पदमा त्रिपाठी ने कहा कि जीत हार जीवन के दो पहिए हैं। विश्वविद्यालय के सेवायोजन प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डा. प्रशांत त्रिवेदी ने कहा कि साक्षात्कार का अनुभव व्यक्तित्व विकास के लिए सीखने का मौका प्रदान करता है। सेवायोजन प्रकोष्ठ के समन्वयक डा. अशोक कुमार पांडेय ने आभार ज्ञापित किया। कालेज प्रबंधकारिणी के सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी, विज्ञान संकाय की डीन डा. नलिनी शुक्ला, सदस्य डा. ललित गुप्ता एवं डा. योगेश शुक्ल आदि उपस्थित रहे। संचालन अश्वनी कुमार मिश्र ने किया।

# जीर्ण-शीर्ण तालाब का कराया गया जीर्णोद्धार



...को हुआ नुकसान, आधे घंटे बाद आग पर काबू पा सकी दमकल की टीम



भरथना के नगला गुते में गेंहू की फसल में लगी आग। संवाद

आसपास मौजूद ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी और खेत की ओर दौड़ पड़े। आग की लपटों ने आसपास के खेतों को भी चपेट में ले लिया और फसल धू-धूकर जलती रही।

### इन किसानों की फसल जली

धर्मेंद्र कुमार की चार बीघा, रामकिशोर की चार बीघा, हरविलास की पांच बीघा, रामकिशन की चार बीघा, शिवराम की पांच बीघा, विश्राम सिंह की पांच बीघा, रघुराज की पांच बीघा, धनीराम की पांच बीघा समेत लगभग 10 किसानों की फसल जलकर राख हो गई है।

ग्रामीणों ने मौजूद संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। आग गांव की ओर बढ़ने से पहले दमकल व पुलिसकर्मियों ने इस पर काबू पा लिया।

फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी

इटावा। मालगाड़ी की चपेट में आकर महिला की मौत के मामले में बेटों ने परिवार के एक सदस्य पर विवाद करने का आरोप लगाया है। बेटों का आरोप है कि परिवार के सदस्य से विवाद की वजह से मां ने क्षुब्ध होकर आत्महत्या की है।

गुरुवार देर शाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो व तीन के मध्य मालगाड़ी की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई थी। उनके पास से मिले मोबाइल से पहचान मध्यप्रदेश के भिंड जिला ... सिटी विकास नगर निवासी संगीता (58) के रूप में हुई। संगीता के पुत्र लविल व साहिल ने बताया कि उनकी मां शाम छह बजे पूजा के ...

# जनता कॉलेज के 23 प्राध्यापकों की प्रोन्नति

## छह प्राध्यापक प्रोफेसर, चार एसोसिएट प्रोफेसर व 13 सीनियर असिस्टेंट बने

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज के 23 प्राध्यापकों की प्रोन्नत हुए हैं। इनमें छह प्राध्यापक प्रोफेसर बन गए। चार एसोसिएट प्रोफेसर बने। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज के 23 प्राध्यापकों को प्रोन्नति मिली है।

तीन माह पहले इसके लिए

**तीन माह पहले इसके लिए विश्वविद्यालय की स्क्रीनिंग कमेटी ने साक्षात्कार लिए थे**

विश्वविद्यालय की स्क्रीनिंग कमेटी ने साक्षात्कार लिए थे। इसमें छह प्राध्यापकों में कृषि डीन डॉ. एके पांडे, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. एसपी यादव, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. पीके राजपूत एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति हुई है।

चार प्राध्यापकों डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. आदित्य कुमार व पुस्तकालय अध्यक्ष रामदास वर्मा का असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति हुई है।

13 प्राध्यापकों में डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. संजय कुमार विश्वकर्मा, लेफ्टीनेंट ब्रह्मानंद, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. दिव्य ज्योति मिश्रा, डॉ. इंदुबाला मिश्रा, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. संतोष कुमार सिंह चंदेल, डॉ. नवीन अवस्थी को वरिष्ठ असिस्टेंट प्रोफेसर बनाया गया है। कॉलेज के प्रबंध समिति के सचिव अरविंद कुमार मिश्रा ने सभी प्राध्यापकों को बधाई दी।

## इटावा पुलिस को मिला तीसरा स्थान

इटावा। यूपी पुलिस की सीसीटीएनएस योजना में इटावा पुलिस को प्रदेश में तीसरा स्थान और कानपुर जोन और रेंज में प्रथम स्थान मिला है।

एसएसपी प्रत्येक माह सीसीटीएनएस के प्रदर्शन के संबंध में विभिन्न पैरामीटर्स के आधार पर सभी राज्यों से इनपुट सूचना प्राप्त करके राज्यों की रैंकिंग प्रेषित की जाती है। (संवाद)

# दो भाई गिरफ्तार, पांच तमंचे बरामद

किशनी (मैनपुरी)। थाना पुलिस ने एक सूचना पर गांव फरौंजी निवासी दो भाइयों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पांच तमंचा बरामद हुए। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा है।

शुक्रवार को सूचना मिली कि गांव फरौंजी के पास आम के बाग में कुछ लोग अवैध असलहा के साथ मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस ने वहां मौजूद दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों सगे भाई हैं। उनके नाम बिजेंद्र उर्फ बिल्ला और अर्पित उर्फ नितुल निवासी गांव नवलपुर थाना सैफई जनपद इटावा है।

तलाशी के दौरान दोनों भाइयों के कब्जे से कुल पांच तमंचा बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि बिजेंद्र के खिलाफ इटावा के थाना जसवंत नगर, थाना वैदपुरा, थाना सिविल लाइंस, थाना सैफई, कानपुर देहात में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। किशनी थाने में गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है। हत्या के प्रयास सहित करीब 11 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

अर्पित पर थाना वैदपुरा के अलावा किशनी थाने में आयुध अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेजा गया है। (संवाद)

# जनता कॉलेज के 23 प्राध्यापकों की प्रोन्नति

## छह प्राध्यापक प्रोफेसर, चार एसोसिएट प्रोफेसर व 13 सीनियर असिस्टेंट बने

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज के 23 प्राध्यापकों की प्रोन्नत हुए हैं। इनमें छह प्राध्यापक प्रोफेसर बन गए। चार एसोसिएट प्रोफेसर बने। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज के 23 प्राध्यापकों को प्रोन्नति मिली है।

तीन माह पहले इसके लिए विश्वविद्यालय की स्क्रीनिंग कमेटी ने साक्षात्कार लिए थे

तीन माह पहले इसके लिए विश्वविद्यालय की स्क्रीनिंग कमेटी ने साक्षात्कार लिए थे। इसमें छह प्राध्यापकों में कृषि डीन डॉ. एके पांडे, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. एमपी यादव, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. पीके राजपूत एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति हुई है।

चार प्राध्यापकों डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. आदित्य कुमार व पुस्तकालय अध्यक्ष रामदास वर्मा का असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति हुई है।

13 प्राध्यापकों में डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. संजय कुमार विश्वकर्मा, लेफ्टीनेंट ब्रह्मानंद, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. दिव्य ज्योति मिश्रा, डॉ. इंदुबाला मिश्रा, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. संतोष कुमार सिंह चंदेल, डॉ. नवीन अवस्थी को वरिष्ठ असिस्टेंट प्रोफेसर बनाया गया है। कॉलेज के प्रबंध समिति के सचिव अरविंद कुमार मिश्रा ने सभी प्राध्यापकों को बधाई दी।

# छोटे उद्यमों में टेक्नोलॉजी की है अहम भूमिका



संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज के आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के तहत रोल ऑफ टेक्नोलॉजी इन ड्राइविंग इनोवेशन विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वक्ताओं ने छोटे उद्यमों के सफल संचालन में टेक्नोलॉजी की भूमिका के बारे में विचार रखे। कार्यशाला का संचालन प्रो. डॉ. ललित गुप्ता ने किया।

मुख्य वक्ता डॉ. बी. सत्यनारायण नवाचार विशेषज्ञ और विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान विभाग, राजकीय एमजीएमएम कॉलेज, इटारसी, मध्यप्रदेश, व डॉ. उपेंद्र कुमार मिश्रा, सहायक प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग श्रीराम स्वरूप मेमोरियल कॉलेज ने विचार व्यक्त किए।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश किशोर त्रिपाठी ने नवाचार के महत्व और उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. डॉ. एके पांडे ने समाज के विकास में नवाचार और उद्यमिता के उपयोग के बारे में बताया।

डॉ. ज्योति भदौरिया ने, सभी वक्ताओं का परिचय दिया। डॉ. बी. सत्यनारायण ने विकसित नवाचारों के पेटेंट प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी, डॉ. उपेंद्र कुमार मिश्रा ने नवीनतम नवाचारों में नैनो सामग्री के उपयोग के बारे में बताया।

कार्यशाला में 94 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. नवीन अवस्थी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं औ प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शिक्षा सामग्री की

# कम अंक आने पर न लें तनाव, करें थोड़ा और प्रयास

## बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद विद्यार्थियों को मनोचिकित्सक ने दी सलाह, बोले- इसे आखिरी परीक्षा न समझें

संवाद न्यूज एजेंसी

इटावा। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के घोषित परीक्षा परिणाम में कम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरे पर चिंता की लकीरें देखी रही हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार, कम अंक आने पर छात्र-छात्राएं निराश न हों।

जरूरी नहीं हर छात्र की प्रतिभा का आकलन बेहतर अंकों से ही किया जाएगा। बेहतर प्रयास करके इसमें सुधार किया जा सकता है। इसे जीवन की पहली और आखिरी परीक्षा न समझें।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से यूपी बोर्ड का परिणाम शनिवार को घोषित किया जा चुका है। तमाम ऐसे विद्यार्थी हैं जो बेहतर अंक हासिल नहीं कर पाने से उदास हैं। उनके अभिभावक भी परेशान हैं। इस संबंध में मनोचिकित्सक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा का कहना है कि बोर्ड परीक्षा में कुछ कमी की वजह से ही विद्यार्थियों को कम अंक मिले हैं। अभिभावकों को अपने बच्चे की अन्य विद्यार्थी से तुलना करने के बजाय मनोचिकित्सक से काउंसिलिंग करानी चाहिए। निश्चित रूप से टॉपर्स के पास बेहतर कॉलेज में प्रवेश के अधिक मौके होते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कम अंक आने वाले छात्रों में प्रतिभा की कमी होती है।

वहीं, डीआईओएस मनोज कुमार का कहना है कि कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को हताश होने की जरूरत नहीं है। कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों ने भी प्रशासनिक सहित अन्य सेवाओं में सफलता हासिल की है। अच्छे अंक पाने वाले कई युवा अच्छे पदों पर पहुंचे है। ऐसे में छात्रों को हताश होने की कतई आवश्यकता नहीं है।



प्रवक्ता डॉ. पीके राजपूत। संवाद

### मायूस न होकर छात्र-छात्राएं इनसे लें सीख

[illegible]



प्रधानाचार्य सतीश कुमार। संवाद

## अच्छे अंक पाने वाले छात्रों



बाबूराम कॉलेज के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में बाजी मारी



# वार्षिक शिविर में एनसीसी कैडेट्स सीखेंगे सैन्य अनुशासन




वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स से परिचय लेते अधिकारी। संवाद

बकेवर। 4-यूपी वाहनी एनसीसी का 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक शिविर प्रशिक्षण (बॉय/गर्ल्स) जनता विद्यालय इंटर कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है।

कमांडेंट कर्नल एसपी सिंह ने बताया कि इस शिविर में इटावा और औरैया जनपद के एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। शिविर 21 से 30 तक चलेगा। इसमें गर्ल्स कैडेट्स की संख्या 200 और बॉय कैडेट्स की संख्या 400 है। शिविर में कैडेट्स को सैन्य अनुशासन, युद्ध कला, हथियार प्रशिक्षण, ड्रिल, प्राकृतिक आपदा में एनसीसी का योगदान, प्रशासनिक अनुशासन में एनसीसी का सहयोग एवं निशानेबाजी का कुशल प्रशिक्षण सूबेदार मेजर साहब सिंह सहित स्थाई प्रशिक्षकों एवं एनसीसी ऑफिसर की देखरेख में प्रदान किया जाएगा।

शिविर के दंडपाल मेजर अवधेश कुमार एवं प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद है। (संवाद)



एनसीसी के शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करते कैडेट्स • जागरण

# एनसीसी कैडेट्स को एसएलआर राइफल का दिया गया प्रशिक्षण

संसू, जागरण • बकेवर : जनता कालेज में आयोजित 4 यूपी बटालियन के 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में गुरुवार को एनसीसी कैडेट्स को मैप रीडिंग के साथ एसएलआर राइफल का प्रशिक्षण कराया गया।


सूबेदार (आनरेरी लेफ्टिनेंट) केहर सिंह और हवलदार जितेंद्र सिंह, सेना मेडल के संयोजन में कैडेट्स को 7.62 एमएम एसएलआर राइफल से प्रशिक्षण कराया गया। साथ ही कैडेट्स को सैन्य संचार उपकरण व पद्धति प्रशिक्षण हवलदार विजयंत सिंह चौहान व सूबेदार मेक बहादुर थापा द्वारा दिया गया। इसके अलावा कैडेट को मैप रीडिंग की जानकारी हवलदार देवेंद्र सिंह व नयन सूबेदार गुरमीत कुमार द्वारा दी गई। शिविर में कैडेट्स शारीरिक प्रशिक्षण, खेलकूद व मानसिक विकास का प्रशिक्षण उत्साहपूर्वक प्राप्त कर रहे हैं। शिविर का संचालन सूबेदार मेजर (आनरेरी लेफ्टिनेंट) साहब सिंह सेवा मेडल की देखरेख में प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, लेफ्टिनेंट रवि दत्ता, लेफ्टिनेंट अनिकेत व जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग के तरीके सीखे

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार को कैडेट्स को फायरिंग के तरीके सीखे। इसमें कैडेट्स को लाइनिंग पोजीशन और खड़ी पोजीशन में फायर करने का प्रशिक्षण हवलदार देवेंद्र प्रताप सिंह व हवलदार श्रवण सिंह ने कराया।

ड्रिल का प्रशिक्षण नायब सूबेदार, सतनाम सिंह व हवलदार तोरणश्री ने कराया। कैडेट्स बहुत रुचि व उत्साह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संचालन सूबेदार मेजर साहब सिंह की देखरेख में किया जा रहा है। शिविर में प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, लेफ्टिनेंट शिवेंद्र सिंह भदौरिया, लेफ्टिनेंट रवि दत्ता, लेफ्टिनेंट अनिकेत आदि उपस्थिति रहे।



बकेवर के जनता कॉलेज में फायरिंग का प्रशिक्षण लेते कैडैट्स। संवाद

अमर उजाला इटावा amarujala.com

# कैडेट्स को लगन के साथ प्रशिक्षण लेने की सीख

संवाद न्यूज एजेंसी

### जनता कॉलेज में शिविर में ब्रिगेडियर एनएस चिरण ने हौसला बढ़ाया

इटावा। जनता कॉलेज में चल रहे 4 यूपी एनसीसी बटालियन के वार्षिक शिविर का निरीक्षण ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एनएस चिरण ने किया। उन्होंने कैडेट्स से मिलकर शिविर के संबंध में जानकारी ले और लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी।

सोमवार सुबह ग्रुप कमांडर ने अपने दौरे की शुरुआत गार्ड ऑफ ऑनर के निरीक्षण के साथ की। यहां पर कैडेट्स ने ब्रिगेडियर को सलामी दी। निरीक्षण के उपरांत कमांडिंग ऑफिसर एसपी सिंह ने ब्रिगेडियर को कैंप के बारे में जानकारी दी।

इस पर ब्रिगेडियर ने शिविर में विभिन्न विषयों पर संचालित हो रही कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजनालय, बॉयस और गर्ल्स कैडेट्स के रहने के स्थान का निरीक्षण किया। बताया कि कैंप में कैडेट्स को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान रखना चाहिए। अपने संबोधन में कहा कि अगर आपके अंदर कुछ कर गुजरने की दृढ़ शक्ति है, तो आप अपने जीवन में जो चाह लेंगे उसे प्राप्त कर लेंगे।

खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि एक दुर्घटना में उनके शरीर में लगभग 91 सेंटीमीटर स्टील की रॉड पड़ी होने के बाद अपने कर्तव्यों का पूरी तरह से निर्वहन कर रहे हैं।

ब्रिगेडियर ने कॉलेज में एपीजे अब्दुल कलाम म्यूजियम का भ्रमण किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी से गतिविधियों की जानकारी ली।

मेजर अवधेश कुमार, लेफ्टिनेंट शिवेंद्र सिंह भदौरिया, लेफ्टिनेंट सुशील मोहन, चीफ ऑफिसर अरशद मलिक एवं धर्मेंद्र कुमार सिंह, सीटीओ अनिकेत कुमार एवं रंजीत सिंह, सेकंड ऑफिसर रवि दत्ता, सूबेदार मेजर साहब सिंह, हवलदार विजयंत सिंह चौहान, हवलदार बटालियन मेजर भूपेंद्र सिंह, नयब सूबेदार सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।



जनता कॉलेज में कैंप के दौरान निरीक्षण करते ब्रिगेडियर एनएस चिरण। संवाद

ई-आश्वासन

जवाहरलाल नेहरू

# अनुशासन को दैनिक जीवन में भी उतारें-कर्नल एसपी सिंह

## जनता कॉलेज में 4 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त शिविर पर कैडेट्स को दी गई सीख



प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी को सम्मानित करते कर्नल एसपी सिंह व अन्य। संवाद



प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर उपस्थित कैडेट्स। संवाद

बकेवर। जनता विद्यालय इंटर कॉलेज में चल रहे 4 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त शिविर के समापन के पूर्व अधिवेशन का आयोजन किया गया। कर्नल एसपी सिंह ने शिविर समापन से पूर्व सभी कैडेट्स का संयुक्त अधिवेशन किया।

उन्होंने सभी ट्रेनिंग की विशेषताओं का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने सभी कैडेट्स को बधाई दी। कहा कि इतनी गर्मी होने के बावजूद शिविर में सभी ने एक सैन्य अनुशासन का उदाहरण पेश किया है। कर्नल ने कहा कि जो अनुशासन सीखा है, उसे अपने दैनिक जीवन में उतारना है।

कैडेट्स से कहा कि जीवन में कोई ऐसा काम न करें जिसे आप अपने घर पर न बता सके। साथ ही शिविर के दौरान कैडेट्स ने एकता और अनुशासन का परिचय दिया है। समापन के मुख्य अतिथि जनता डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि शक्ति यहां से निकलकर देश के काम आएगी। प्राचार्य ने सभी अधिकारियों व स्टॉफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य अनिमेष ने कहा कि कैडेट्स ने टीम भावना से प्रशिक्षण प्राप्त किया। (संवाद)

डायरेक्टर ने प्रदान की।

# कृषि स्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं अब 9 जुलाई से होंगी

बकेवर। कृषि स्नातक के दूसरे चौथे, छठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं तथा परस्नातक के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं अब छह की जगह नौ जुलाई से होंगी। विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति ने परीक्षा की नई सूची जारी कर दी है।

जनपद के जनता कॉलेज बकेवर, बलराम सिंह इंस्टिट्यूट इटावा,एसएस मेमोरियल पीजी कॉलेज ताखा, चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैवरा, शिवपाल सिंह महाविद्यालय कैस्त, चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय जसवंतनगर में कृषि संकाय से स्नातक व परास्नातक की सुविधा है।

इन के दूसरे चौथे व छठवें तीनों सेमेस्टर के तकरीबन 6 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं इस बार परीक्षा में शामिल होंगे।

एसएस मेमोरियल पीजी डिग्री कॉलेज ताखा की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतिभा श्रीवास्तव ने बताया बीएससी कृषि के दूसरे चौथे छठवें सेमेस्टर की परीक्षा की तिथि विश्वविद्यालय प्रशासन ने आगे बढ़ा कर 9 जुलाई कर दी है।

पहले 6 जुलाई को होनी थी। परीक्षा की नई डेट शीट भी जारी की जा चुकी है।

जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कृषि स्नातक के दूसरे चौथे व छठवें सेमेस्टर व परास्नातक के दूसरे सेमेस्टर परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गयी है। परीक्षा 9 जुलाई से 20 जुलाई तक चलेगी। कॉलेज 5 जुलाई को खुलेगा। (संवाद)



शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल छात्राएं। स्रोतः कॉलेज



# एनसीसी कैडेट भर्ती में 100 छात्रों ने दी लिखित परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

## जनता कॉलेज में कैडेट चयन के लिए की गई प्रारंभिक प्रक्रिया

बकेवर। जनता कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एनसीसी कैडेट भर्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 100 छात्र-छात्राएं लिखित परीक्षा में शामिल हुए।

सुबह आठ बजे से शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने की। बटालियन से आए मेजर सूबेदार साहब सिंह एवं कॉलेज एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद की देखरेख में प्रारंभ हुई। इसमें सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं के प्रपत्रों की जांच की गई। इसके बाद शारीरिक परीक्षण किया गया।

शारीरिक प्रशिक्षण पास करने वाले छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा कराई गई। 100 छात्र-छात्राएं लिखित परीक्षा में शामिल हुए।

सूबेदार मेक बहादुर थापा, सूबेदार गणेश दत्त भट्ट, नायक सूबेदार गुरमीत कुमार, नायक सूबेदार सतनाम सिंह, नायक सूबेदार तारिक अहमद रेसी, सीएचएम सुवान गुरुंग, सीएचएम राजेश सिंह हवलदार सूरज थापा, आदित्य कुमार त्रिपाठी, मीनू त्रिपाठी,सीनियर अंडर ऑफिसर मो.जीशान, आदेश सिंह रहे।

## बॉक्सिंग में ग्रीनपार्क के खिलाड़ियों का दबदबा

कानपुर। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश की ओर से मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 26 से 31 अगस्त तक ग्रीनपार्क स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिलास्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। (संवाद)

ईएमटी एवं पायलट के पदों पर भर्ती

108 ईएमटीएस एवं 102 एएलएस एम्बुलेंस सेवाओं हेतु निजी संस्था द्वारा

उत्तर प्रदेश के सभी ज़िलों के लिए।

दिनांक

# 310 छात्र-छात्राओं ने खाई फाइलेरिया की दवाई

बकेवर। जनता कॉलेज में फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता को लेकर संगोष्ठी हुई। इस मौके पर छात्र छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों सहित कुल 310 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई।

कार्यक्रम में मौजूद सीएचसी अधीक्षक डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि फाइलेरिया की दवा लेते रहने से इस गंभीर बीमारी से बच सकते हैं। पीसीआई के कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। बताया कि प्रदेश में 51 जनपदों में फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें 27 जनपदों में एमडीए अभियान चलाया जा रहा है। इटावा भी संवेदनशील जनपदों में आता है जहां फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या एक हजार से अधिक है। इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने फाइलेरिया रोग के विशेष प्रकार के लक्षणों एवं उससे बचाव की विधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में दिलीप कुमार, प्राध्यापक डॉ. एसपी यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)



जनता कॉलेज में फाइलेरिया की दवा खाते प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी। संवाद

अमर उजाला युवा

# छात्रों से तकनीकी खेती सीखेंगे किसान

## रावे कार्यक्रम के तहत महेवा के 11 गांवों के किसानों को जानकारी देंगे कृषि स्नातक के छात्र

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज के कृषि स्नातक पाठ्यक्रम के सातवें और आठवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) कार्यक्रम के तहत चयनित गांवों के प्रगतिशील किसानों से जोड़ा गया है।

छात्र गांव में किसानों से संपर्क कर उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, नवीनतम तकनीकी, फसल के उत्पादन में आने वाली समस्याओं के बारे में बताएंगे।

नए शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत ब्लॉक महेवा के उझियानी, भवानीपुर, महेवा बस्ती, रानीपुरा, नगला बनी, आमहार, पुठिया, भीम नगर, सराय मिठ्ठे, बिजौली एवं परसूपुरा गांव का चयन किया गया है।



जनता कॉलेज में बैठक में शामिल शिक्षक। संवाद

ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) कार्यक्रम के संयोजक तथा मृदा संरक्षण विभाग अध्यक्ष डॉ. पीके राजपूत के निर्देशन में प्रत्येक चयनित गांव में 10-10 प्रगतिशील किसानों का चयन छात्र स्वयं करेंगे और कृषि उत्पादन में आने वाली विभिन्न समस्याओं का अध्ययन करके उनके निदान के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि छात्र प्रत्येक गांव का ऐतिहासिक विवरण, गांव की प्रमुख समस्याओं का आकलन तथा फसलों उत्पादन के लिए मृदा परीक्षण, नवीनतम प्रजातियों का चयन, बीज उपचार, जैविक खेती संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, फसल चक्र में दलहनी फसलों का समावेश, फसल सुरक्षा, वर्षा जल का संचयन, भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने के बारे में किसानों को जागरूक करेंगे।

रावे कार्यक्रम के संरक्षक प्राचार्य डॉ. आरके त्रिपाठी ने कहा कि यह कार्यक्रम सभी चयनित गांव में पूरे मनोयोग से चलाया जाएगा।

प्रत्येक चयनित गांव में उद्यानिकीकरण कृषि वानिकी तथा सब्जी उत्पादन के साथ-साथ नवीन कृषि पद्धतियों का प्रचार प्रसार करेंगे। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एमपी यादव ने छात्रों से कहा कि कृषि लागत कम करके टिकाऊ खेती पर बल दिया जाएगा।

किसानों के जीवन स्तर एवं आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए समन्वित फसल उत्पादन तकनीकी पर जोर दिया जाएगा।

इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके पांडे, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. मनोज यादव, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. एपी सिंह, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आदित्य कुमार रहे।

अमर उजाला युवा Yout

# साक्षात्कार में नौ युवाओं का चयन

## जनता कॉलेज में आयोजित की गई कॅरिअर काउंसलिंग कार्यशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में क्रिस्टल क्रॉप प्रोडक्शन लिमिटेड कंपनी में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस दौरान 86 छात्र-छात्राओं में नौ का चयन किया गया।

सेवायोजन प्रकोष्ठ और कॅरिअर काउंसलिंग में बीएससी (कृषि) अंतिम वर्ष व उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया।

सेवा योजन प्रकोष्ठ और कॅरिअर



काउंसलिंग कार्यशाला में शामिल छात्र-छात्राएं। संवाद

काउंसलिंग के संयोजक डॉ. संजय कुमार विश्वकर्मा नें क्रिस्टल क्रॉप प्रोडक्शन कंपनी के सभी अधिकारियों का स्वागत किया।

बताया कि छात्रों को अपने विकास के लिए सभी जगह अवसर देखना चाहिए। वह चाहे सरकारी, निजी व स्वयं का रोजगार हो। कामरुचि के हिसाब से क्षेत्र तलाश कर आगे बढ़ना चाहिए। तभी सफलता निश्चित है। कॉलेज के प्रोफेसर महेश प्रसाद यादव ने छात्रों को बताया कि अपने भविष्य को बनाने के लिए अपने लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए।

कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक चंद्र शेखर यादव ने बताया की छात्रों को कंपनी में उनके बेहतर भविष्य के लिए काफी संभावनाएं है। कार्यक्रम में 86 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें से नौ छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। शुभम कटियार, ईश कटियार, रुस्तम बाबू , मनोज दीक्षित रहे।

प्रदेश व केंद्र सरकार जहां प्राथमिक व उच्च प्राथमिक, लिया है। किया, जहां पर प्रधान व सचिव को जिनको मानदेय काटा गया है।

# छात्र-छात्राओं, किसानों को कृषि योजनाओं के लाभ बताए

## बकेवर कॉलेज में हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

बकेवर। जनता कॉलेज में कृषि की नई योजनाओं व तकनीकी को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रभारी जिला कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार ने दीप जलाकर कर किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज कृषि ज्ञान प्रशिक्षण के लिए जाना जाता है।

महाविद्यालय में कृषि के छात्रों के साथ दूरदराज से आए किसान कृषि की नई योजनाएं तथा नई तकनीकी का ज्ञान प्राप्त कर लाभान्वित होते हैं और लाभ उठाते हैं। उन्होंने छात्रों को कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत किसानों को 70 से 80 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है। जिसमें ट्रैक्टर, हैरो, कल्टीवेटर आदि कृषि यंत्र मिलते हैं।

इसी तरह स्प्रेयर, डस्टर, रीपर व कंबाइन मशीन पर भी विशेष सब्सिडी दी जाती है। कृषि विभाग सब्सिडी पर दिए जा रहे फसलों के बीजों की जानकारी भी दी।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि कृषि के छात्रों ने क्षेत्र के 12 गांव को गोद लिए हैं। जिसमें सभी छात्र किसानों के साथ मिलकर कृषि की सभी गतिविधियों को कराने में सहयोग करते हैं।

बीज की बुआई से लेकर फसल को बाजार में बेचने तक की गतिविधियों की मॉनिटरिंग आवंटित छात्र समूह किसानों के साथ मिलकर करते हैं और कैसे हम किसानों की आय को बढ़ाएं इस पर सुझाव देते हैं। महाविद्यालय के कृषि से जुड़े हुए सभी प्राध्यापक अपने विषय से संबंधित गांव में छात्रों के साथ किसानों को जोड़कर नई तकनीकी व अन्य जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में जागरूकक करते हैं।

किसानों के खेत पर, किसानों के गांव में विभिन्न प्रकार की कृषि तथा समाज से जुड़ी गतिविधियों को कराने में सहयोग करते हैं। जिससे किसानों को लाभ हो इसकी रूपरेखा रखी गई।

कृषि संकाय के डीन डॉ. एके पांडेय ने फल संरक्षण तकनीकी की जानकारी दी। इसके साथ ही सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक मदन कुमार ने ऋण संबंधी केसीसी को लेकर जानकारी दी।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्राध्यापक डॉ आदित्य कुमार ने संतुलित पशु आहार व बारिश के मौसम में खुरपका व मुंहपका रोगों के निदान के संबंध में जानकारी दी। डॉ. एस के विश्वकर्मा ने सब्जी उत्पादन की तकनीकी को समझाया।

डॉ. मनोज कुमार यादव ने फसल सुरक्षा के उपाया बताए। डॉ. पीके राजपूत ने रावे के विद्यार्थियों को आवंटित गांव की सूचना देने के साथ गांव में जाकर डाटा एकत्रित करने की जानकारी दी। (संवाद)



कृषि गोष्ठी में शामिल छात्र छात्राएं। संवाद

# छोटे उद्यमों में टेक्नोलॉजी की है अहम भूमिका



संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज के आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के तहत रोल ऑफ टेक्नोलॉजी इन ड्राइविंग इनोवेशन विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वक्ताओं ने छोटे उद्यमों के सफल संचालन में टेक्नोलॉजी की भूमिका के बारे में विचार रखे। कार्यशाला का संचालन प्रो. डॉ. ललित गुप्ता ने किया।

मुख्य वक्ता डॉ. बी. सत्यनारायण नवाचार विशेषज्ञ और विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान विभाग, राजकीय एमजीएमएम कॉलेज, इटारसी, मध्यप्रदेश, व डॉ. उपेंद्र कुमार मिश्रा, सहायक प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग श्रीराम स्वरूप मेमोरियल कॉलेज ने विचार व्यक्त किए।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश किशोर त्रिपाठी ने नवाचार के महत्व और उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. डॉ. एके पांडे ने समाज के विकास में नवाचार और उद्यमिता के उपयोग के बारे में बताया।

डॉ. ज्योति भदौरिया ने, सभी वक्ताओं का परिचय दिया। डॉ. बी. सत्यनारायण ने विकसित नवाचारों के पेटेंट प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी, डॉ. उपेंद्र कुमार मिश्रा ने नवीनतम नवाचारों में नैनो सामग्री के उपयोग के बारे में बताया।

कार्यशाला में 94 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. नवीन अवस्थी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं औ[र] प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापि[त] किया।

# जीर्ण-शीर्ण तालाब का कराया गया जीर्णोद्धार



**बकेवर।** जनता विद्यालय इंटर कॉलेज में प्रबंध सचिव आनंद स्वरूप मिश्रा की पुण्य तिथि पर दशकों से जीर्ण-शीर्ण पक्के तालाब का जीर्णोद्धार कराया गया। उसमें पानी भरवाकर प्राकृतिक नजारे को प्रबंधन की ओर से फिर जीवंत किया गया है।

जनता विद्यालय इंटर कॉलेज व जनता डिग्री कॉलेज की ओर से तालाब का जीर्णोद्धार कराया गया है। तालाब के चारों तरफ मरम्मत कराई गई है। तालाब के किनारे की कच्ची जगह पर फूलों के पौधे रोपित किए गए। जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि लगातार पानी चलाने के बाद लगभग सप्ताह भर में पूरा तालाब भरा जाएगा।

इससे बायोडायवर्सिटी के तहत वातावरण भी प्रदूषित होने से बचेगा। जनता विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिमेष वर्मा, दोनों कॉलेज के प्रबंध समिति के सचिव अरविंद मिश्रा व उनकी धर्मपत्नी, समाजसेवी राजेंद्र सिंह कुशवाह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# रोजगार मेले में 450 युवाओं को मिली नौकरी

**बकेवर।** जनता कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल एवं कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में लगा। इसमें 1131 युवाओं ने साक्षात्कार में भाग लिया। उद्घाटन मुख्य अतिथि एसएसपी की पत्नी नीलम राय वर्मा ने दीप जलाकर किया।

देर शाम तक चले साक्षात्कार में 450 युवाओं को नौकरी मिली। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का परिचय देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से कहा कि आपको शिक्षा से जो ज्ञान मिला है, यह ज्ञान ही आपका भविष्य तय करेगा। विशिष्ट अतिथि केकेडीसी की अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर पदमा त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों के रोजगार के लिए यह प्रयास अतुलनीय है।

सेवायोजन प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डॉ. प्रशांत त्रिवेदी ने भी संबोधित किया। संचालन अश्वनी कुमार मिश्र ने किया। अरविंद कुमार मिश्र, अभिषेक राठौर, सुधीर यादव, अपराजिता, सुनील द्विवेदी, मयंक राठौर, सहित कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. एमपी यादव, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, डॉ. मनोज यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# छात्र-छात्राओं ने की सफाई, किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर में दूसरे दिन की शुरूआत योग, व्यायाम एवं प्रार्थना से की गई। प्रथम तकनीकी सत्र में स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य परीक्षण के कार्यक्रम हुए।

स्वयंसेवक यश दीक्षित एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव के दिशा निर्देशन में योग, व्यायाम तथा प्रार्थना सभा करवाई गई। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों को समाज से जुड़े हुए मुद्दों पर अनुभव साझा किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीके राजपूत ने स्वच्छता, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा उसको जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।



राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में सफाई करते छात्र-छात्राएं। स्रोतः स्वयं

डॉ. संजय विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की। स्वयंसेवकों ने कस्बा के 50 शैया अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सीएमएस डॉ. वीरेंद्र भारती के नेतृत्व में स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। द्वितीय दिवस के अंतिम सत्र में स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इसमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए स्वयंसेवक सुभाष कुमार, शिवम गौतम, शिवम यादव,आकाश यादव आदि ने नाट्य मंचन कर जागरूक किया।

सलोनी एवं प्रतिभा ने 'स्वच्छता के प्रति जीत का प्रश्न' विषय पर नाटक प्रस्तुत किया। रति दीक्षित और प्रियांशी ने स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। डॉ. एमपी सिंह, डॉ. संजीव कुमार, राजकुमार वर्मा, शैलेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला

रिष्ठ अधिवक
... पार की नि
मीडिया प्रभा
बताया कि इस
गुरुवार को
आत्मा क
डीबी
आर
सं


# तीन हजार मीटर दौड़ में कीर्ति और संदीप अव्वल

## सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने किया खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन छात्र-छात्राओं ने दौड़ प्रतिस्पर्धाओं में शामिल होकर जीत का परचम लहराया। शुभारंभ कार्यक्रम में एनसीसी के छात्र छात्राओं ने लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद के नेतृत्व में मार्चपास्ट कर सलामी दी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारी मानसिक व शारीरिक दक्षता को परिभाषित करते हैं। अध्ययन और खेलकूद के मध्य सामंजस्य ही छात्र जीवन में सफलता की कुंजी है। छात्रों की 100 मीटर दौड़ में एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अमन यादव को प्रथम, बीएससी के



दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। संवाद

पुनीत सिंह को द्वितीय व बीएससी के अविरल सिंह सेंगर को तृतीय स्थान मिला। 200 मीटर छात्रा दौड़ में बीएससी की शिल्पी को पहला, मोहिनी को दूसरा और सलोनी को तीसरा स्थान मिला।

छात्राओं की 400 मीटर दौड़ में शिल्पी को प्रथम, तनु दुबे को द्वितीय और सलोनी को तृतीय स्थान मिला।

छात्रों की 400 मीटर दौड़ में मनीष कुमार पहले स्थान पर, अनिरुद्ध तिवारी दूसरे व संदीप कुमार तीसरे स्थान पर रहे। छात्राओं की 3000 मीटर दौड़ में कीर्ति ने पहला, आकांक्षा ने दूसरा और प्रतिभा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# जैविक खेती और मोटा अनाज उगाने को किया प्रेरित

**संवाद सूत्र, बकेवर :** जनता कालेज में दो दिवसीय कृषि विज्ञान प्रदर्शनी, किसान मेला, गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के विभिन्न स्टाल लगाए गए। जैविक खेती तथा मोटे अनाज को उगाने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। मेले में कृषक प्रशिक्षण केंद्र, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा भी स्टाल लगाया गया। कालेज की लाइब्रेरी का भी स्टाल लगाया गया, जिसमें विभिन्न वेद, पुराण, ग्रंथ तथा संविधान की प्रति को भी दिखाया गया।




कृषि विज्ञान पत्रिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि राम नारायण सिंह ( बाएं से पांचवें ) व जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ( दाएं से तीसरे ) • जागरण

उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान अमर सिंह ने की। उपनिदेशक कृषि डा. आरएन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा. श्याम सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि विज्ञानिक डा. भूपेंद्र सिंह, प्रगतिशील किसान चंद्र मोहन यादव, कालेज प्रबंधन समिति के सेक्रेटरी अरविंद मिश्रा, कालेज के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी, कार्यक्रम के संयोजक डा. एमपी सिंह, कृषि संकाय के डीन डा. एके पांडेय एवं कृषि ज्ञान पत्रिका के संपादक डा. मनोज यादव ने खेतीबाड़ी में रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से मनुष्य, पशु व भूमि बीमार होने पर चिंता जताई। कहा कि पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है, इसलिए वर्तमान में जैविक खेती की महत्ता बढ़ जाती है।

कृषि विज्ञानिकों ने परंपरागत खेती, जैविक खेती तथा रसायनों के प्रयोग से होने वाले रोगों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। कहा कि एक देसी गाय से एक एकड़ जैविक खेती की जा सकती है। गोमूत्र एवं गोबर खाद के महत्व को बताया तथा कहा कि गोमूत्र से कीट एवं रोगों का भी प्रबंध कर सकते हैं। खेत में हरी खाद, गोबर की खाद एवं कंपोस्ट को बनाने तथा खेत में मिलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मोटे अनाज जैसे मडुवा, कोदो, रागी, सावां, ज्वार, बाजरा आदि के महत्व को भी समझाया। संचालन डा. नवीन अवस्थी ने किया। मेले में कृषि प्रसार, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं नवाचार केंद्र विभिन्न उत्सुकता के केंद्र बने। पशुपालन विभाग का स्टाल भी विशेष केंद्र बना रहा।

सहायक प्रक्रिया को तेज कि

# जनता कालेज में कृषि विज्ञान प्रदर्शनी व किसान मेला आज से

संवाद सूत्र, बकेवर: जनता कालेज में कृषि विभाग व कालेज के संयुक्त तत्वावधान में 28 व 29 फरवरी को कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं किसान मेला का आयोजन किया जाएगा। कालेज के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय किसान मेला का मुख्य उद्देश्य कृषि की नई तकनीकी का ज्ञान किसानों तक पहुंचाना तथा कृषि की उन्नति के लिए कृषि तकनीकी का प्रदर्शन करके किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इनमें फलोत्पादन, सब्जी उत्पादन, फसल उत्पादन, फसल सुरक्षा, मृदा एवं जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य एवं परीक्षण, जैविक खेती एवं पशुपालन करके वैज्ञानिक तरीके से नवाचार की विभिन्न पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



जानकारी देते राजेश किशोर त्रिपाठी • जागरण

मेले के उद्घाटन सत्र में सीडीओ अजय कुमार गौतम, उपनिदेशक कृषि डा. आरएन सिंह, जिला कृषि अधिकारी डा. कुलदीप राणा, जिला उद्यान अधिकारी डा. श्याम सिंह, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी डा. प्रमोद कुमार की उपस्थिति रहेगी। कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं किसान मेला के संयोजक डा. एम पी सिंह ने बताया कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा 36 स्टाल लगाए जाएंगे।

# राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत किए गए 137 शोधपत्र

## जनता कॉलेज सभागार में आयोजित किया गया दो दिवसीय नेशनल सेमिनार

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज सभागार में प्रैक्टिसिज आफ रिसेंट एडवांस इन ग्लोबल एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन (प्रगति-2023) विषय शीर्षक पर आधारित दो दिवसीय नेशनल सेमिनार हुआ।

कृषि वैज्ञानिकों, अतिथि वक्ताओं एवं शोध छात्रों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। अध्यक्षता पं. दीनदयाल महिला महाविद्यालय लखनऊ से आई डॉ. साधना सिंह यादव ने की। सह-अध्यक्षता डॉ.पीके राजपूत एवं रिपोरटियर के रूप में डॉ. संजीव कुमार रहे।

मुख्य अतिथि निदेशक डीओपी, डीआरडीओ के डॉ. संजय कुमार द्विवेदी ने अपने शोध पत्र में कृषक भूमि की कमी की स्थिति में इमारतों तथा बंद स्थानों पर मृदा रहित




सेमिनार में शामिल शिक्षक। स्रोत : स्वयं

फसलों के उत्पादन पर प्रकाश डाला।

चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के डॉ. वीके त्रिपाठी ने कृषि में वातावरण को प्रभावित किए बिना फल उत्पादन की उत्कृष्ट तकनीक पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि निदेशक कृषि प्रसार बांदा कृषि विश्वविद्यालय पूर्व छात्र प्रो. नंदकिशोर बाजपेई की उपस्थिति में प्रबंधकारिणी सचिव अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्रो. सत्यव्रत द्विवेदी, प्रो.राम जी गुप्ता, प्रो. विवेक त्रिपाठी, डॉ. श्रीधर मिश्रा सहित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी समापन पर प्रगति व्याख्या प्राचार्य ने प्रस्तुत की। बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में कुल 137 शोध पत्रों के साथ कुल 270 नामांकन हुए।

चार तकनीकी सत्रों में कुल 15 शोध प्रस्तुतीकरण के साथ 17 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। संचालन संयोजक डॉ. अशोक कुमार पांडेय ने किया। सचिव डॉ. मनोज यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. एमपी सिंह, संगोष्ठी सचिव डॉ. मनोज कुमार यादव, सहसचिव डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा रहे।